माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय
(मध्य प्रदेश विधानसभा के अधिनियम क्रमांक १५, १९९० द्वारा स्थापित)
MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM & COMMUNICATION
(Setup by Act No. 15, 1990 of M.P. Legislative Assembly)

क्रमांक/परीक्षा-2/2026/...449...   भोपाल, 20/05/2026

-: परीक्षा संबंधी आवश्यक सूचना :-

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल की सत्रीय परीक्षाएँ दिनांक 26 मई, 2026 से प्रारंभ होकर 13 जून, 2026 तक आयोजित की जाएँगी।

विश्वविद्यालय की परीक्षाएँ सदैव निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आयोजित की जाती रही हैं तथा परीक्षा परिणाम भी समयबद्ध रूप से घोषित किए जाते हैं। इस सत्र की परीक्षाएँ देशभर के 163 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होंगी। मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों के अतिरिक्त मुंबई, दिल्ली, पटना, शिमला, जयपुर, लखनऊ, धनबाद एवं रायपुर सहित अनेक शहरों में परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

परीक्षा कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के शासकीय अवकाश कैलेंडर के अनुसार निर्धारित किया गया है। उक्त कैलेंडर के अनुसार ईदुज्जहा (ईद) का अवकाश दिनांक 27 मई, 2026 को घोषित है, इसलिए उस दिन कोई परीक्षा आयोजित नहीं की गई है। अतः 28 मई 2026 को पूर्व निर्धारित परीक्षा समय से अनुसार यथावत् होंगी।

उक्त तिथी में परीक्षा समय सारणी परिवर्तन हेतु प्राप्त आवेदनों के तारतम्य में स्पष्ट किया जाता है कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाएँ देशव्यापी स्तर पर आयोजित होती हैं तथा उनकी तैयारियाँ पूर्व निर्धारित व्यापक व्यवस्थाओं के अंतर्गत बहुत पहले से की जाती हैं। अतः अंतिम समय में परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन करना संभव नहीं है। सभी परीक्षाएँ पूर्व निर्धारित तिथि एवं समयानुसार ही आयोजित होंगी।

प्रो. (डॉ.) पी. शशिकला
प्रभारी कुलसचिव

दिनांक : 20 मई, 2026
स्थान : भोपाल